HSSC TAXATION INSPECTOR

EXAM= 30-07-2017

20062565

**TEST CODE : 11/2015** **Sl. No.**

**Category No. : 02**

30/07/2017
HSSC Taxation Inspector
Karnal Sector-9

Candidate's Roll Number / अभ्यर्थी का रोल नम्बर

| 1 | 1 | 2 | 0 | 0 | 6 | 2 | 5 | 6 | [redacted] |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

**Series : 03**

Time Allowed : 1½ Hours
निर्धारित समय : 1½ घण्टे

Total Questions : 100
कुल प्रश्न : 100

Maximum Marks : 200
अधिकतम अंक : 200

**KINDLY READ THE INSTRUCTIONS BEFORE ATTEMPTING THIS QUESTION PAPER**

**IMPORTANT INSTRUCTIONS FOR THE CANDIDATES**

**इस प्रश्न-पत्र को हल करने से पहले कृपया निर्देशों को पढ़ें**

**अभ्यर्थियों के लिए विशेष निर्देश**

1. Attempt all the questions. Every question has equal marks, viz., **2**.
2. Before attempting the Question Paper kindly check that this Booklet has total **16** pages and OMR Answer Sheet consists of three copies. At the start of the Examination and within first five minutes, candidates are advised to ensure that all pages of your Test Booklet and OMR Answer Sheet are properly printed and Test Booklet is not damaged in any manner. Serial Number and Series of OMR Answer Sheet and Test Booklet must match with each other. In case of any discrepancy, the candidate should immediately report the matter to the Invigilator for replacement of Test Booklet and OMR Answer Sheet. No claim in this regard will be entertained after five minutes of start of the Examination.
3. Do not forget to write your Roll Number on the top of this Question Booklet and OMR Answer Sheet.
4. Do not tear or fold any page of the Question Booklet and OMR Answer Sheet.
5. Candidate must bring legibly printed Admit Card with recent coloured photo pasted on it at mark B duly attested by Gazetted Officer and one identity proof with photo like Driving License, Voter Card, Aadhar Card, Passport, etc., at the Examination Centre failing which candidate will not be allowed to enter in the Examination Centre.
6. Candidates are advised to make sure to fill the correct Name, Roll Number and Test Booklet Code on the OMR Answer Sheet. If the space for the Test Booklet Code is left blank or more than one booklet code is indicated therein and non-filling of Name and Roll Number as per instruction, it will be deemed to be an incorrect Booklet Code and OMR Answer Sheet will not be evaluated. The candidate himself/herself will be solely responsible for all the consequences arising out of any error or omission in writing the Test Booklet Code. Candidate shall put his/her LTI (Male) and RTI (Female) on the attendance sheet, OMR Answer Sheet and Biometric Machine along with signature.
7. Candidate should put his/her signature and thumb impression on the Admit Card at two places in the presence of Invigilator in the Examination Hall.
8. In case of any ambiguity in Hindi version, the English version shall be considered authentic.
9. **Candidates are warned not to fold or make any stray marks on the OMR Answer Sheet. Use of eraser, nail, blade, white fluid/whitener, etc., to smudge, scratch or damage in any manner on the OMR Answer Sheet during examination is strictly prohibited. Candidature/OMR Answer Sheet of candidates using eraser, nail, blade or white fluid/whitener to smudge, scratch or damage in any manner the OMR Answer Sheet shall be cancelled.**

1. प्रत्येक प्रश्न को हल करें और प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक समान अर्थात् **2** हैं।
2. प्रश्न-पत्र को हल करने से पहले कृपया जाँच लें कि इस पुस्तिका में कुल **16** पृष्ठ और एक OMR उत्तर-पत्रक तीन कॉपियों वाला है। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि परीक्षा प्रारंभ होते ही पाँच मिनट के अंदर सुनिश्चित कर लें कि आपकी परीक्षा-पुस्तिका और OMR उत्तर-पत्रक के सभी पृष्ठ अच्छी तरह छपे हुए हैं और इसे किसी भी प्रकार से क्षति नहीं पहुँची है। OMR उत्तर-पत्रक एवं परीक्षा-पुस्तिका के सीरियल नम्बर और सीरीज एक-समान होने चाहिए। किसी भी प्रकार की विसंगति पायी जाने पर अभ्यर्थी को परीवीक्षक से परीक्षा-पुस्तिका और OMR उत्तर-पत्रक बदलवा लेनी चाहिए। परीक्षा प्रारंभ होने के पाँच मिनट पश्चात् ऐसी शिकायतों पर विचार नहीं किया जाएगा।
3. इस प्रश्न-पुस्तिका और OMR उत्तर-पत्रक में ऊपर अपना रोल नम्बर लिखना न भूलें।
4. प्रश्न-पुस्तिका और OMR उत्तर-पत्रक के किसी भी पृष्ठ को न तो फाड़ें और न ही मोड़ें।
5. अभ्यर्थियों को स्पष्ट पठनीय प्रवेश-पत्र लाना है, जिस पर हाल ही में खींचा गया रंगीन फोटो उस स्थान पर चिपका होना चाहिए जहाँ B लिखा हुआ है। इस फोटो को किसी राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित होना चाहिए। इसके अतिरिक्त फोटो लगा हुआ एक परिचय-पत्र, जैसे कि ड्राइविंग लाइसेन्स, मतदाता परिचय-पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट आदि में से कोई एक परीक्षा-केन्द्र पर लाना अनिवार्य है। इनके न होने पर अभ्यर्थी को परीक्षा-केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।
6. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे सुनिश्चित कर लें कि उन्होंने OMR उत्तर-पत्रक में नाम, रोल नम्बर और टेस्ट बुकलेट कोड सही भरा है। यदि टेस्ट बुकलेट कोड के लिए दिया गया स्थान खाली छोड़ा जाता है या एक से अधिक बुकलेट कोड लिख दिए गए हैं या निर्देशानुसार नाम और रोल नम्बर नहीं भरे गए हैं, तो इसे गलत तरीके से भरा गया बुकलेट कोड माना जाएगा और उत्तर-पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा। टेस्ट बुकलेट कोड लिखने में किसी भी प्रकार की त्रुटि या चूक होने पर अभ्यर्थी स्वयं ही परिणामों को भुगतने के लिए उत्तरदायी होगा। पुरुष-अभ्यर्थी अपने बाएँ हाथ के अँगूठे का और महिला-अभ्यर्थी अपने दाएँ हाथ के अँगूठे का अंकन उपस्थिति-पत्रक पर, OMR उत्तर-पत्रक पर और बायोमेट्रिक मशीन में देंगे और उचित स्थान पर हस्ताक्षर भी करेंगे।
7. परीक्षा-हॉल में परिवीक्षक की उपस्थिति में अभ्यर्थियों को प्रवेश-पत्र पर दो स्थानों में हस्ताक्षर करने हैं और अँगूठे के निशान देने हैं।
8. यदि हिन्दी भाषा में कोई संदेह हो, तो अंग्रेजी भाषा को ही प्रामाणिक माना जाएगा।
9. अभ्यर्थियों को चेतावनी दी जाती है कि वे **OMR** उत्तर-पत्रक में किसी भी प्रकार का अनावश्यक निशान न बनाएँ और न ही इसे मोड़ें। **OMR** उत्तर-पत्रक में कुछ भी लिखने और भरने के पश्चात् उसे मिटाने के लिए इरेज़र, नाखून, ब्लेड, सफेद तरल पदार्थ/व्हाइटनर आदि का प्रयोग या किसी अन्य प्रकार से इसे क्षति पहुँचाने का सख्त निषेध है। इन वस्तुओं के प्रयोग से **OMR** उत्तर-पत्रक में धब्बे पड़े होने पर, खरोंच के निशान होने पर या क्षति होने पर अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता और **OMR** उत्तर-पत्रक दोनों ही निरस्त कर दिए जाएँगे।

**DO NOT OPEN THE SEAL UNTIL INSTRUCTED TO DO SO. / जब तक कहा न जाए, सील न खोलें।**

**03**

*(Read the instructions on last page of this booklet.)*
*(इस पुस्तिका के अंतिम पृष्ठ में दिए हुए निर्देश को पढ़ें।)*

www.mseducationtv.com

**निर्देश** : निम्नलिखित वाक्यों में उपयुक्त शब्दों द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए चार-चार विकल्प दिए गए हैं। इनमें से एक विकल्प ठीक है, उसका चयन कीजिए।

**1.** सरकार नियमों का _____ करने वालों को दण्ड देती है।

(A) प्रतिपालन (B) अनुकरण

(C) उल्लंघन (D) अनुपालन

**2.** भारतीय इतिहास की सराहनीय विशेषता यह है कि उसमें धार्मिक भावों की _____ है।

(A) अनुदारता (B) प्रचुरता

(C) न्यूनता (D) अपरिपक्वता

**निर्देश** : निम्नलिखित प्रश्नों में मोटे अक्षरों में लिखे शब्दों के लिए सर्वाधिक उपयुक्त शब्द/शब्दों का चयन कीजिए।

**3.** "मो पछिताव यहै सजनी, कि कलंक लग्यो पर **अंक** न लागी।"

(A) धार्मिक चिह्न (B) छाप/गोद

(C) संख्या (D) आलिंगन

**4.** सेम के बोये गये बीजों में **अंकुर** फूट रहे हैं।

(A) घाव भरना (B) कली फूटना

(C) अँखुवा निकलना (D) उगना

**निर्देश** : निम्नलिखित प्रश्नों में प्रत्येक दिए गए शब्द के चार विपरीतार्थक शब्द दिए गए हैं जिनमें से एक ही शब्द सही है, उसका चयन कीजिए।

**5.** अंकुश

(A) पिनाक (B) फरसा

(C) निरंकुश (D) धृष्ट

**6.** अंकुसी

(A) लाठी (B) डोरी

(C) कुठार (D) लग्घी

**7.** अंग

(A) देह (B) प्रत्यंग

(C) काया (D) अनंग

**निर्देश** : निम्नलिखित वाक्यों के प्रथम और अंतिम भागों को क्रमशः (1) और (6) की संज्ञा दी गई है। उनके बीच आने वाले अंशों को चार भागों में बाँटकर य, र, ल, व की संज्ञा दी गई है। चारों भाग उचित क्रम में नहीं हैं। इन अंशों को उचित क्रमानुसार व्यवस्थित करना है। वाक्य को ध्यान से पढ़कर दिए गए विकल्पों में से इनका उचित क्रम चुनिए।

**8.** 1. सीमित खर्च करने को

(य) रुपयों-पैसों की नहीं। घर की वस्तुमात्र

(र) कम खर्च करना चाहिए। कम आय वाले गृहस्थ को

(ल) को ही समझदारी के साथ यथासंभव

(व) मितव्ययिता कहते हैं। मितव्ययिता केवल

6. आकस्मिक विपदा के लिए खर्च बचाकर रखना चाहिए।

(A) व य ल र

(B) र ल व य

(C) य र ल व

(D) ल व य र

**9.** 1. सामान्यतः दुष्टों की वन्दना में

(य) वहाँ हमारी वन्दना के मूल में भय नहीं, बल्कि उसकी स्थायी दशा

(र) या तो भय रहता है, या व्यंग्य। परन्तु जहाँ हम हानि होने के

(ल) की आशंका है। इस वन्दना में दुष्टों को थपकी देकर सुलाने की चाल है जिससे

(व) पहले ही हानि के भय के कारण वन्दना करने लगते हैं

6. विघ्न-बाधाओं से जान बच सके।

(A) व य ल र

(B) य ल र व

(C) ल र व य

(D) र व य ल



www.mseducationtv.com

***Directions*** : In each of the following questions, out of the given alternatives choose the one which best expresses the meaning of the given word.

**10.** ARTIFACT

(A) Synthetic

(B) Man-made

(C) Natural

(D) Exact copy

**11.** VESTIGE

(A) Invention

(B) Example

(C) Evidence

(D) Experiment

***Directions*** : In each of the following questions, out of the given alternatives choose the one which is opposite in meaning to the given word.

**12.** COMMEND

(A) Suspend

(B) Admonish

(C) Hate

(D) Dislike

**13.** SERENE

(A) Jovial

(B) Moving

(C) Agitated

(D) Nervous

***Directions*** : Read the following passage carefully and answer the questions that follow.

It will be a mistake to think that he was given only 'bouquets', he also received many 'brickbats'. The Christian missionaries took alarm at his popularity. They used to raise funds by preaching that India was a land of heathens waiting to be saved by Christianity. The American press now began to say that it was a shame that anybody should try to teach India religion, rather the world should sit at her feet to learn it. Vivekananda also said that India did not need religion but material support. The missionaries found that the subscriptions they had so long been receiving from the people were steadily declining. They blamed it on Swamiji. They now started denigrating him in all manner of ways. They even began to spread scandals against his personal character. Strangely enough, even some of his own countrymen joined them in this for reasons of their own. But 'Truth alone prevails', as Swamiji always preached. He did not try to defend himself, but others stood up for him and vehemently protested. Finally, all such mean attempts failed and his reputation only rose higher and higher.

**14.** The passage teaches us

(A) not to believe in religions other than our own

(B) not to get involved in scandals

(C) not to visit foreign lands

(D) not to deviate from the path of truth

**15.** Vivekananda was criticized by the missionaries in America because

(A) he was a bad student of Western theology

(B) he opposed the tenets of Christianity

(C) Americans had become very fond of him

(D) he did not allow them to raise funds in India



www.mseducationtv.com

**16.** Swami Vivekananda told the American people that India

(A) did not approve the Catholic Church

(B) would teach religion to those who sit at her feet

(C) required religious and material help

(D) was self-sufficient in religion though poor

**17.** Vivekananda's rapport with the American people

(A) helped India get substantial aid

(B) made his friends desert him

(C) annoyed the American Government

(D) caused a drop in Church's collections

**18.** Vivekananda did not defend himself because

(A) he believed in the ultimate triumph of truth

(B) he was in a foreign land

(C) some of his countrymen were opposing him

(D) he had brought many friends along to fight for him

***Directions*** **:** In each of the following questions (Question Nos. **19** and **20**), pick out the most effective word from the given words to fill in the blank to make the sentence meaningfully complete.

**19.** A number of advances in medicine would have been _____ sooner if free enquiry had been common and orthodox thinking habits had been rare.

(A) persisted

(B) inducted

(C) secured

(D) achieved

**20.** The final electoral rolls have been intensively revised through house to house _____.

(A) investigation

(B) enunciation

(C) enumeration

(D) documentation



www.mseducationtv.com

21. Among the famous personalities of Haryana, who among the following was the seniormost?

(A) Sir Sadi Lal
(B) Pt. Nek Ram
(C) Rao Tula Ram
(D) Sir Chhotu Ram

22. The first Assembly Election in Haryana was held in the year

(A) 1952 (B) 1960
(C) 1956 (D) 1966

23. Which among the following is the least populated district of Haryana?

(A) Rewari (B) Panchkula
(C) Fatehabad (D) Jhajjar

24. The Indian Institute of Wheat and Barley Research is located in which district of Haryana?

(A) Karnal (B) Kaithal
(C) Mahendragarh (D) Yamunanagar

25. The National Milk Production Research Institute is situated in the city of

(A) Yamunanagar
(B) Panipat
(C) Faridabad
(D) Karnal

26. The famous lake situated in Karnal for tourist attraction is known as

(A) Badakhal lake
(B) Karna lake
(C) Sultanpur lake
(D) Tilyar lake

27. 'Hriday Haryana', situated in the middle of Haryana State, is the city of

(A) Jind
(B) Rohtak
(C) Sonipat
(D) Karnal

28. The historical grand tomb of Haryana which has a relationship with Sheikh Chehli is situated in which place?

(A) Nuh
(B) Palwal
(C) Kurukshetra
(D) Hansi

21. हरियाणा की निम्नलिखित प्रख्यात विभूतियों में सबसे वरिष्ठ कौन हैं?

(A) सर सादीलाल
(B) पण्डित नेकराम
(C) राव तुलाराम
(D) सर छोटूराम

22. हरियाणा में सर्वप्रथम विधान सभा का चुनाव किस वर्ष हुआ था?

(A) 1952 (B) 1960
(C) 1956 (D) 1966

23. हरियाणा में निम्नलिखित में से कौन-सा सबसे कम आबादी वाला जिला है?

(A) रेवाड़ी (B) पंचकुला
(C) फतेहाबाद (D) झज्जर

24. हरियाणा के किस जिले में 'भारतीय गेहूँ और जौ शोध संस्थान' स्थित है?

(A) करनाल (B) कैथल
(C) महेन्द्रगढ़ (D) यमुनानगर

25. राष्ट्रीय दुग्ध उत्पादन अनुसन्धान संस्थान किस नगर में स्थित है?

(A) यमुनानगर
(B) पानीपत
(C) फरीदाबाद
(D) करनाल

26. करनाल में स्थित पर्यटन के लिए प्रसिद्ध झील का क्या नाम है?

(A) बड़खल झील
(B) कर्ण झील
(C) सुल्तानपुर झील
(D) तिलयार झील

27. हरियाणा के मध्य में स्थित 'हृदय हरियाणा' कौन-सा नगर है?

(A) जींद
(B) रोहतक
(C) सोनीपत
(D) करनाल

28. हरियाणा का ऐतिहासिक भव्य मकबरा, जिसका सम्बन्ध शेख चेहली से है, किस स्थान पर है?

(A) नूह
(B) पलवल
(C) कुरुक्षेत्र
(D) हांसी



www.mseducationtv.com

29. Pandit Mangeram is related with which mode of cultural activity?
(A) Saang tradition
(B) Education and literature
(C) Horror writings
(D) Appearance

30. Banabhatta was the friend and State poet of which among the following kings?
(A) Prithviraj Chauhan
(B) Harshavardhana
(C) Ananga Pala
(D) Hemachandra

31. Where is the manufacturing of the iron pipes mostly done in Haryana?
(A) Sonipat
(B) Faridabad
(C) Gurgaon
(D) Hissar

32. The famous 'Yadavendra Garden' is situated in
(A) Morni (B) Pinjore
(C) Faridabad (D) Karnal

33. Hot water reservoir, assistant in skin disease treatment, is situated in
(A) Sohna
(B) Surajkund
(C) Kurukshetra
(D) Taraori (Tarawari)

34. Maharaj Agrasen is related with which city?
(A) Sirsa (B) Pehowa
(C) Rohtak (D) Agroha

35. When did Haryana receive the full State status?
(A) 1st November, 1966
(B) 30th January, 1970
(C) 20th June, 1965
(D) 2nd October, 1968

36. Pt. Jasraj is famous for which artistic achievement?
(A) Classical music
(B) Folk song
(C) Folk dance
(D) Poetry writing

29. पं० मांगेराम का सम्बन्ध कला की किस विधा से है?
(A) सांग परम्परा
(B) शिक्षा व साहित्य
(C) भीति-लेखन
(D) रूप-सज्जा

30. बाणभट्ट किस राजा के मित्र व राजकवि थे?
(A) पृथ्वीराज चौहान
(B) हर्षवर्द्धन
(C) अनंगपाल
(D) हेमचन्द्र

31. हरियाणा में लोहे के पाइपों का सर्वाधिक निर्माण कहाँ होता है?
(A) सोनीपत
(B) फरीदाबाद
(C) गुड़गाँव
(D) हिसार

32. प्रसिद्ध 'यादवेन्द्र गार्डेन' किस स्थान पर स्थित है?
(A) मोरनी (B) पिंजौर
(C) फरीदाबाद (D) करनाल

33. चर्म रोग उपचार में सहायक गर्म पानी का कुण्ड कहाँ स्थित है?
(A) सोहना
(B) सूरजकुण्ड
(C) कुरुक्षेत्र
(D) तरावड़ी

34. महाराजा अग्रसेन का सम्बन्ध किस नगर से है?
(A) सिरसा (B) पेहोवा
(C) रोहतक (D) अग्रोहा

35. हरियाणा को पूर्ण राज्य का दर्जा कब मिला?
(A) 1 नवम्बर, 1966
(B) 30 जनवरी, 1970
(C) 20 जून, 1965
(D) 2 अक्तूबर, 1968

36. पण्डित जसराज किस विधा के लिए विख्यात हैं?
(A) शास्त्रीय संगीत
(B) लोकगीत
(C) लोकनृत्य
(D) काव्य लेखन



www.mseducationtv.com

**37.** In fountain irrigation, Haryana stands ______ in India.

(A) first (B) second

(C) third (D) fifth

**38.** Which of the following districts is not sandy?

(A) Mahendragarh

(B) Bhiwani

(C) Rewari

(D) Kurukshetra

**39.** How many Members are sent to the Rajya Sabha from Haryana?

(A) Two (B) Four

(C) Five (D) Seven

**40.** During the reign of Harshavardhana, which city of Haryana was prosperous?

(A) Faridabad (B) Fatehabad

(C) Thanesar (D) Panchkula

**41.** Which factory has been set up in Baholi of Panipat?

(A) Fertilizer (B) Sugar mill

(C) Cement (D) Oil purifier

**42.** Among the following, which places do not have the metro rail facility?

(A) Delhi–Faridabad

(B) Delhi–Gurgaon

(C) Delhi–Samaypur Badli

(D) Delhi–Jhajjar

**43.** KMP stands for

(A) Kurukshetra Manesar Panipat

(B) Kurukshetra Mahendragarh Panipat

(C) Kundli Manesar Palwal

(D) Kundli Manesar Pataudi

**44.** Which district is irrigated mainly by the Jui canal?

(A) Bhiwani (B) Kurukshetra

(C) Sirsa (D) Sonipat

**45.** The golf course of Aravali is made in the district of

(A) Mahendragarh

(B) Rewari

(C) Bhiwani

(D) Faridabad

**37.** फव्वारा सिंचाई-योजना की दृष्टि से, हरियाणा का भारत में कौन-सा स्थान है?

(A) प्रथम (B) द्वितीय

(C) तृतीय (D) पाँचवाँ

**38.** निम्नलिखित में से कौन-सा जिला रेतीला नहीं है?

(A) महेन्द्रगढ़

(B) भिवानी

(C) रेवाड़ी

(D) कुरुक्षेत्र

**39.** हरियाणा से राज्य सभा में कितने सदस्य भेजे जाते हैं?

(A) दो (B) चार

(C) पाँच (D) सात

**40.** हर्षवर्द्धन के शासनकाल में हरियाणा का कौन-सा नगर वैभव-सम्पन्न था?

(A) फरीदाबाद (B) फतेहाबाद

(C) थानेसर (D) पंचकुला

**41.** पानीपत के बाहौली में कौन-सा कारखाना लगा है?

(A) उर्वरक (B) चीनी मिल

(C) सीमेन्ट (D) तेलशोधक

**42.** निम्न में से किन स्थानों के बीच मेट्रो रेल सुविधा नहीं है?

(A) दिल्ली–फरीदाबाद

(B) दिल्ली–गुड़गाँव

(C) दिल्ली–समेपुर बादली

(D) दिल्ली–झज्जर

**43.** 'के० एम० पी०' का पूर्ण रूप है

(A) कुरुक्षेत्र मानेसर पानीपत

(B) कुरुक्षेत्र महेन्द्रगढ़ पानीपत

(C) कुण्डली मानेसर पलवल

(D) कुण्डली मानेसर पटौदी

**44.** जुई नहर द्वारा प्रमुखतः किस जिले में सिंचाई होती है?

(A) भिवानी (B) कुरुक्षेत्र

(C) सिरसा (D) सोनीपत

**45.** अरावली का गोल्फ मैदान किस जिले में बना है?

(A) महेन्द्रगढ़

(B) रेवाड़ी

(C) भिवानी

(D) फरीदाबाद



www.mseducationtv.com

**46.** Litmus is obtained from
(A) a bacterium (B) a fungus
(C) an alga (D) lichen

**47.** The highest Indian waterfall is
(A) Gokak
(B) Gersoppa
(C) Shivasamudram
(D) Yenna

**48.** Zinc sulphide is commonly used as
(A) fungicide
(B) herbicide
(C) rodenticide
(D) deodorant

**49.** Who was popularly known as 'Nana Sahib'?
(A) Baji Rao I
(B) Balaji Baji Rao
(C) Balaji Vishwanath
(D) Madhav Rao

**50.** The Constituent Assembly of India was set up on the recommendation of
(A) Cripps Mission
(B) Wavel Plan
(C) August Offer
(D) Cabinet Mission

**51.** The telephone line is connected through which of the following to the computer to use Internet?
(A) USB (B) Modem
(C) Ethernet (D) Switch

**52.** Which of the following is an indirect tax?
(A) Capital gains tax
(B) Wealth tax
(C) Service tax
(D) Corporate tax

**53.** The Gupta emperor Samudra Gupta called himself
(A) Lichchhavi-Dauhitra
(B) Kumaradevi-Putra
(C) Devanampiya
(D) Sthaneshwar

**46.** लिट्मस प्राप्त होता है
(A) जीवाणु से (B) कुकुरमुत्ता से
(C) शैवाल से (D) काई से

**47.** भारत का सबसे ऊँचा झरना है
(A) गोकक
(B) गरसोप्पा
(C) शिवसमुद्रम
(D) येन्ना

**48.** ज़िंक सल्फाइड आमतौर पर इस्तेमाल किया जाता है
(A) कवकनाशी के रूप में
(B) शाकनाशी के रूप में
(C) कृन्तकनाशी के रूप में
(D) गंधनाशक के रूप में

**49.** 'नाना साहब' के नाम से कौन लोकप्रिय थे?
(A) बाजीराव प्रथम
(B) बालाजी बाजीराव
(C) बालाजी विश्वनाथ
(D) माधवराव

**50.** भारत की संविधान सभा का गठन किसकी सिफारिश पर किया गया था?
(A) क्रिप्स मिशन
(B) वेवेल प्लान
(C) ऑगस्ट ऑफर
(D) कैबिनेट मिशन

**51.** इंटरनेट के इस्तेमाल के लिए निम्नलिखित में से किसके द्वारा टेलिफोन लाइन को कम्प्यूटर से जोड़ा जाता है?
(A) यू० एस० बी० (B) मॉडेम
(C) ईथरनेट (D) स्विच

**52.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक अप्रत्यक्ष कर है?
(A) पूँजी लाभ कर
(B) संपत्ति कर
(C) सेवा कर
(D) निगम कर

**53.** गुप्त साम्राज्य के समुद्रगुप्त ने खुद को कौन-सी उपाधि दी?
(A) लिच्छवी-दौहित्र
(B) कुमारादेवी-पुत्र
(C) देवनामपीया
(D) स्थानेश्वर


www.mseducationtv.com

54. Which of the following supports the particle nature of photons?

(A) Interference

(B) Diffraction

(C) Polarization

(D) Photoelectric effect

55. Who won the men's singles title of the 2016 Wimbledon Tennis Tournament?

(A) Milos Raonic

(B) Andy Murray

(C) Stan Wawrinka

(D) Roger Federer

56. The government has constituted a committee to examine the desirability and feasibility of having a 'new financial year', headed by

(A) Rajiv Kumar

(B) P. V. Rajaraman

(C) Rajiv Takru

(D) Shankar Acharya

57. Which of the following is a Landlocked Sea?

(A) Timor Sea

(B) Arafura Sea

(C) Greenland Sea

(D) Aral Sea

58. Who wrote *Akbarnama*?

(A) Akbar

(B) Birbal

(C) Abul Fazl

(D) Bhagavan Das

59. Siraj-ud-Daulah was defeated by Lord Clive in the Battle of

(A) Plassey

(B) Buxar

(C) Munger

(D) Bandipur

60. The Constitution of India came into force on

(A) 26 January, 1950

(B) 26 January, 1952

(C) 15 August, 1948

(D) 26 November, 1949

54. निम्नलिखित में से कौन-सा फोटॉनों की कण-प्रकृति का समर्थन करता है?

(A) व्यतिकरण

(B) विवर्तन

(C) ध्रुवीकरण

(D) प्रकाशविद्युत् प्रभाव

55. विम्बलडन टेनिस टूर्नामेन्ट—2016 के पुरुषों का एकल खिताब किसने जीता?

(A) मिलोस राओनिक

(B) एंडी मरे

(C) स्टैन वावरिंका

(D) रोजर फेडरर

56. सरकार ने एक 'नया वित्तीय वर्ष' होने की संभाव्यता और व्यावहारिकता जाँच करने के लिए एक समिति गठित की है, जिसके प्रमुख हैं

(A) राजीव कुमार

(B) पी० वी० राजारमन

(C) राजीव टकरू

(D) शंकर आचार्य

57. निम्नलिखित में से कौन-सा एक लैंडलॉक्ड सागर है?

(A) तिमोर सागर

(B) अराफुरा सागर

(C) ग्रीनलैण्ड सागर

(D) अरल सागर

58. 'अकबरनामा' किसकी रचना है?

(A) अकबर

(B) बीरबल

(C) अबुल फज़ल

(D) भगवान दास

59. लॉर्ड क्लाइव द्वारा सिराजउद्दौला को हराया गया था

(A) प्लासी के युद्ध में

(B) बक्सर के युद्ध में

(C) मुंगेर के युद्ध में

(D) बान्दीपुर के युद्ध में

60. भारतीय संविधान को लागू किया गया

(A) 26 जनवरी, 1950 को

(B) 26 जनवरी, 1952 को

(C) 15 अगस्त, 1948 को

(D) 26 नवम्बर, 1949 को



www.mseducationtv.com

61. Which of the following branches of science deals with life in other planets and space?

(A) Space biology
(B) Alien biology
(C) Exobiology
(D) Extraterrestrial biology

62. Which of the following international organizations is the product of the Bretton Woods Conference?

(A) WTO (B) IMF
(C) ADB (D) UNICEF

63. Which famous company of Pinjore has been closed down by the Haryana Government?

(A) HCL
(B) HMT
(C) HSR
(D) BSNL

64. India launched 'Operation Sankat Mochan' recently to evacuate Indian citizens standed in which of the following countries?

(A) Nigeria
(B) Libya
(C) Syria
(D) South Sudan

65. The shifting of a computer program from one memory location to another is called

(A) data mining
(B) reloading
(C) data collection
(D) relocation

66. Who was the first Muslim President of Indian National Congress?

(A) Muhammad Ali Jinnah
(B) Muhammad Iqbal
(C) Khan Abdul Ghaffar Khan
(D) Badruddin Taiyabji

67. In which Part of the Indian Constitution, the fundamental duties are enshrined?

(A) IV (B) IVA
(C) V (D) VB

61. विज्ञान की किस शाखा के अन्तर्गत अन्य ग्रहों एवं अंतरिक्ष में जीवन का अध्ययन किया जाता है?

(A) अंतरिक्ष जीव-विज्ञान
(B) एलियन जीव-विज्ञान
(C) एक्सो जीव-विज्ञान
(D) एक्स्ट्राटेरेस्ट्रियल जीव-विज्ञान

62. निम्नलिखित अंतर्राष्ट्रीय संगठनों में से कौन-सा ब्रेटन वुड्स कॉन्फ्रेंस का उत्पाद है?

(A) डब्ल्यू० टी० ओ० (B) आइ० एम० एफ०
(C) ए० डी० बी० (D) यूनिसेफ

63. हरियाणा सरकार द्वारा पिंजौर की किस विख्यात कंपनी को बंद किया गया?

(A) एच० सी० एल०
(B) एच० एम० टी०
(C) एच० एस० आर०
(D) बी० एस० एन० एल०

64. निम्नलिखित में से किस देश में फँसे भारतीय नागरिकों को बचाकर ले जाने के लिए हाल ही में भारत ने 'ऑपरेशन संकट मोचन' चलाया?

(A) नाइजीरिया
(B) लीबिया
(C) सीरिया
(D) दक्षिण सूडान

65. कम्प्यूटर प्रोग्राम को एक मेमोरी लोकेशन से दूसरे में स्थानान्तरित करने की प्रक्रिया कहलाती है

(A) डेटा माइनिंग
(B) रीलोडिंग
(C) डेटा कलेक्शन
(D) रीलोकेशन

66. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रथम मुस्लिम अध्यक्ष कौन था?

(A) मुहम्मद अली जिन्ना
(B) मुहम्मद इकबाल
(C) खान अब्दुल गफ्फ़ार खान
(D) बदरुद्दीन तैयबजी

67. भारतीय संविधान के किस भाग में 'मौलिक कर्तव्यों' को प्रतिष्ठापित किया गया है?

(A) IV (B) IVA
(C) V (D) VB



www.mseducationtv.com

**68.** Who is the brand ambassador for Beti Bachao Beti Padhao campaign in Haryana?

(A) Priyanka Chopra

(B) Deepika Padukon

(C) Parineeti Chopra

(D) Imran Khan

**69.** Fog is an example of

(A) gas dispersed in gas

(B) liquid dispersed in gas

(C) solid dispersed in gas

(D) solid dispersed in liquid

**70.** Jaundice is caused due to the infection of

(A) brain (B) liver

(C) kidney (D) spleen

**71.** Visveswarayya Iron and Steel Co. Ltd. is located at

(A) Bengaluru (B) Bhadrawati

(C) Mangalore (D) Mysore

**72.** Vijay Stambha at Chittor was built by

(A) Maharana Pratap

(B) Rana Sangram Singh

(C) Rana Kumbha

(D) Rana Ratan Singh

**73.** Anga, Chedi, Kosala, Asmaka. All of these are

(A) viruses

(B) diseases

(C) mahajanapadas

(D) dynasties

**74.** Pulsars are

(A) stars moving towards the earth

(B) stars moving away from the earth

(C) rapidly spinning stars

(D) high temperature stars

**75.** Rashtrapati Bhawan was designed by

(A) Edward Stone

(B) Le Corbusier

(C) Edwin Lutyens

(D) Tarun Dutt

**68.** हरियाणा में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान का ब्रैंड ऐम्बेसडर कौन है?

(A) प्रियंका चोपड़ा

(B) दीपिका पादुकोण

(C) परिणिति चोपड़ा

(D) इमरान खान

**69.** कोहरा एक उदाहरण है

(A) गैस में परिक्षिप्त गैस का

(B) गैस में परिक्षिप्त द्रव का

(C) गैस में परिक्षिप्त ठोस का

(D) द्रव में परिक्षिप्त ठोस का

**70.** जॉन्डिस किसके संक्रमण के कारण होता है?

(A) मस्तिष्क (B) जिगर

(C) गुर्दा (D) प्लीहा

**71.** विश्वेश्वरैया आयरन ऐन्ड स्टील कं० लि० अवस्थित है

(A) बेंगलुरु में (B) भद्रावती में

(C) मैंगलोर में (D) मैसूर में

**72.** चित्तौड़ का विजय स्तंभ बनवाया गया था

(A) महाराणा प्रताप द्वारा

(B) राणा संग्राम सिंह द्वारा

(C) राणा कुम्भा द्वारा

(D) राणा रतन सिंह द्वारा

**73.** अंग, चेदी, कोसल, अस्माका। ये सभी हैं

(A) विषाणु (B) बीमारियाँ

(C) महाजनपद (D) वंश

**74.** 'पलसर' हैं

(A) पृथ्वी की ओर बढ़ते हुए तारे

(B) पृथ्वी से दूर जाते हुए तारे

(C) तेजी से घूमते हुए तारे

(D) उच्च तापमान वाले तारे

**75.** राष्ट्रपति भवन का डिज़ाइन बनाया था

(A) एडवर्ड स्टोन ने

(B) ली कॉर्ब्यूज़ियेर ने

(C) एडविन लुटयेंस ने

(D) तरुण दत्त ने



www.mseducationtv.com

**76.** Which of the following is true for

96*6*8*2?

(A) ÷, =, ×  (B) ×, =, ÷

(C) =, ÷, ×  (D) =, ×, ÷

**77.** The value of $\sqrt{\frac{1\cdot21\times0\cdot9}{1\cdot1\times0\cdot11}}$ is

(A) 2  (B) 3

(C) 9  (D) 11

**78.** Three-fifth of the square of a certain number is 126·15. What is the number?

(A) 14·5  (B) 75·69

(C) 145  (D) 210·25

**79.** By what least number, 675 be multiplied to obtain a number which is a perfect cube?

(A) 5  (B) 6

(C) 7  (D) 8

**80.** The value of $\sqrt[3]{21+\sqrt{16}+\sqrt[3]{8}}$ is

(A) 8  (B) 5

(C) 4  (D) 3

**81.** The HCF of $2^2\times3^2\times5^5$, $2^3\times3^2\times5^2\times7^2$ and $2^4\times3^4\times5\times7^2\times11$ is

(A) $2^2\times3^2\times5\times7\times11$

(B) $2^4\times3^4\times5^5$

(C) $2^4\times3^4\times5^5\times7\times11$

(D) $2^2\times3^2\times5$

**82.** The least number, which when divided by 20, 25, 35 and 40 leaves the remainder 14, 19, 29 and 34 respectively, is

(A) 1664  (B) 1406

(C) 1404  (D) 1394

**83.** $\left(-\frac{1}{343}\right)^{-\frac{2}{3}}$ is equal to

(A) $-\frac{1}{49}$  (B) $\frac{1}{49}$

(C) −49  (D) 49

**84.** Given $\sqrt{2}=1\cdot414$, then the value of $(\sqrt{8}+2\sqrt{32}-3\sqrt{128}+4\sqrt{50})$ is

(A) 8·484  (B) 8·526

(C) 8·426  (D) 8·876

**76.** 96*6*8*2 के लिए निम्न में से कौन-सा सही है?

(A) ÷, =, ×  (B) ×, =, ÷

(C) =, ÷, ×  (D) =, ×, ÷

**77.** $\sqrt{\frac{1\cdot21\times0\cdot9}{1\cdot1\times0\cdot11}}$ का मान है

(A) 2  (B) 3

(C) 9  (D) 11

**78.** किसी संख्या के वर्ग का $\frac{3}{5}$ वाँ भाग 126·15 है। वह संख्या क्या है?

(A) 14·5  (B) 75·69

(C) 145  (D) 210·25

**79.** किस न्यूनतम संख्या से 675 को गुणा करने पर प्राप्त संख्या एक पूर्ण घन संख्या होगी?

(A) 5  (B) 6

(C) 7  (D) 8

**80.** $\sqrt[3]{21+\sqrt{16}+\sqrt[3]{8}}$ का मान है

(A) 8  (B) 5

(C) 4  (D) 3

**81.** $2^2\times3^2\times5^5$, $2^3\times3^2\times5^2\times7^2$ और $2^4\times3^4\times5\times7^2\times11$ का महत्तम समापवर्तक (HCF) है

(A) $2^2\times3^2\times5\times7\times11$

(B) $2^4\times3^4\times5^5$

(C) $2^4\times3^4\times5^5\times7\times11$

(D) $2^2\times3^2\times5$

**82.** वह न्यूनतम संख्या, जिसे 20, 25, 35 और 40 से भाग देने पर क्रमशः 14, 19, 29 और 34 शेष बचता है, है

(A) 1664  (B) 1406

(C) 1404  (D) 1394

**83.** $\left(-\frac{1}{343}\right)^{-\frac{2}{3}}$ के बराबर है

(A) $-\frac{1}{49}$  (B) $\frac{1}{49}$

(C) −49  (D) 49

**84.** दिया है $\sqrt{2}=1\cdot414$, तब

$(\sqrt{8}+2\sqrt{32}-3\sqrt{128}+4\sqrt{50})$

का मान है

(A) 8·484  (B) 8·526

(C) 8·426  (D) 8·876



www.mseducationtv.com

85. Which of the two is greater, $2^{300}$ or $3^{200}$?

(A) $3^{200}$ (B) $2^{300}$

(C) Both are equal

(D) Cannot say

86. If $A=5+2\sqrt{6}$, then the value of $\sqrt{A}+\frac{1}{\sqrt{A}}$ is

(A) $2\sqrt{3}$ (B) $\sqrt{3}$

(C) $\sqrt{2}$ (D) 7

87. The difference between the largest 4-digit number and the smallest 3-digit number is

(A) 9899 (B) 8999

(C) 9989 (D) 9889

88. A father is three times as old as his son. Five years later, he will be two and a half times as old as his son. Then the present ages of father and son are

(A) 42 years and 14 years

(B) 48 years and 16 years

(C) 57 years and 19 years

(D) 45 years and 15 years

89. When 60 is subtracted from 60% of a number, the resultant is 60. Then the number is

(A) 200 (B) 140

(C) 170 (D) 300

90. The denominator of a fraction is 1 more than twice the numerator. If the sum of fraction and its reciprocal is $2\frac{16}{21}$, the fraction is

(A) $\frac{5}{8}$ (B) $\frac{3}{7}$

(C) $\frac{7}{17}$ (D) $\frac{1}{9}$

91. The value of a machine depreciates at the rate of 10% per annum. If its present value is ₹ 1,00,000, what will be its value after 3 years?

(A) ₹ 80,000 (B) ₹ 62,900

(C) ₹ 72,900 (D) ₹ 81,000

92. The present ratio of ages of $A$ and $B$ is 4 : 5. 18 years ago, this ratio was 11 : 16. Find the sum of their present ages.

(A) 90 years (B) 105 years

(C) 110 years (D) 80 years

85. $2^{300}$ और $3^{200}$ में से कौन-सा वृहत्तर है?

(A) $3^{200}$ (B) $2^{300}$

(C) दोनों समान हैं

(D) कहा नहीं जा सकता

86. यदि $A=5+2\sqrt{6}$, तो $\sqrt{A}+\frac{1}{\sqrt{A}}$ का मान है

(A) $2\sqrt{3}$ (B) $\sqrt{3}$

(C) $\sqrt{2}$ (D) 7

87. 4-अंकीय महत्तम संख्या और 3-अंकीय न्यूनतम संख्या का अंतर है

(A) 9899 (B) 8999

(C) 9989 (D) 9889

88. एक पिता अपने पुत्र से तीन गुना बड़ा है। पाँच साल बाद वह अपने पुत्र से ढाई गुना बड़ा हो जाएगा। पिता एवं पुत्र की वर्तमान आयु है

(A) 42 वर्ष और 14 वर्ष

(B) 48 वर्ष और 16 वर्ष

(C) 57 वर्ष और 19 वर्ष

(D) 45 वर्ष और 15 वर्ष

89. यदि किसी संख्या के 60% में से 60 घटाने पर 60 प्राप्त होती है, तो वह संख्या है

(A) 200 (B) 140

(C) 170 (D) 300

90. किसी भिन्न का अंश उसके हर के दुगुने से 1 अधिक है। यदि भिन्न एवं उसके व्युत्क्रम का योग $2\frac{16}{21}$ है, तो वह भिन्न है

(A) $\frac{5}{8}$ (B) $\frac{3}{7}$

(C) $\frac{7}{17}$ (D) $\frac{1}{9}$

91. किसी मशीन की कीमत 10% की दर से प्रति वर्ष कम होती है। यदि उसकी वर्तमान कीमत ₹ 1,00,000 है, तो 3 वर्ष बाद उसकी कीमत कितनी होगी?

(A) ₹ 80,000 (B) ₹ 62,900

(C) ₹ 72,900 (D) ₹ 81,000

92. $A$ और $B$ की वर्तमान आयु का अनुपात 4 : 5 है। 18 वर्ष पहले यह अनुपात 11 : 16 था। उनकी वर्तमान आयु का योग निकालें।

(A) 90 वर्ष (B) 105 वर्ष

(C) 110 वर्ष (D) 80 वर्ष



www.mseducationtv.com

**93.** Find the average of the numbers

$2\frac{3}{4},\ 5\frac{1}{3},\ 4\frac{1}{6},\ 8\frac{1}{2}$

(A) $5\frac{3}{16}$ (B) $3\frac{3}{16}$
(C) $16\frac{5}{3}$ (D) $3\frac{16}{3}$

**94.** The ratio between the selling price and the cost price of an article is 7 : 5. What is the ratio between the profit and the cost price of that article?

(A) 2 : 5
(B) 7 : 2
(C) 2 : 7
(D) None of the above

**95.** The simple interest on ₹7,380 from 11 May, 1987 to 11 September, 1987 at 5% per annum is

(A) ₹123 (B) ₹103
(C) ₹200 (D) ₹223

**96.** The present worth of ₹169 due in 2 years at 4% per annum compound interest is

(A) ₹150·50 (B) ₹154·75
(C) ₹156·25 (D) ₹158

**97.** A man can do a piece of work in 5 days but with the help of his son, he can do it in 3 days. In what time can the son do it alone?

(A) $6\frac{1}{2}$ days (B) 8 days
(C) 7 days (D) $7\frac{1}{2}$ days

**98.** A man covers half of his journey at 6 km/h and the remaining half at 3 km/h. His average speed is

(A) 4·5 km/h (B) 3 km/h
(C) 4 km/h (D) 9 km/h

**99.** If three sides of a triangle are 6 cm, 8 cm and 10 cm, then the altitude of the triangle using the largest side as base will be

(A) 8 cm (B) 6 cm
(C) 4·8 cm (D) 4·4 cm

**100.** A wheel makes 10000 revolutions in covering a distance of 88 km. The diameter of the wheel is

(A) 1·4 m (B) 2·4 m
(C) 2·8 m (D) 2·2 m

**93.** संख्याओं $2\frac{3}{4},\ 5\frac{1}{3},\ 4\frac{1}{6},\ 8\frac{1}{2}$ का औसत निकालें।

(A) $5\frac{3}{16}$ (B) $3\frac{3}{16}$
(C) $16\frac{5}{3}$ (D) $3\frac{16}{3}$

**94.** किसी वस्तु के विक्रय मूल्य तथा लागत मूल्य का अनुपात 7 : 5 है। उस वस्तु के मुनाफा तथा लागत मूल्य का अनुपात कितना है?

(A) 2 : 5
(B) 7 : 2
(C) 2 : 7
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**95.** 5% वार्षिक ब्याज की दर से ₹7,380 का साधारण ब्याज 11 मई, 1987 से 11 सितम्बर, 1987 के लिए कितना होगा?

(A) ₹123 (B) ₹103
(C) ₹200 (D) ₹223

**96.** 4% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर से 2 वर्ष बाद मिश्रधन ₹169 है। वर्तमान मूलधन है

(A) ₹150·50 (B) ₹154·75
(C) ₹156·25 (D) ₹158

**97.** एक व्यक्ति किसी कार्य को 5 दिनों में पूरा कर सकता है लेकिन वह अपने लड़के की सहायता से उस कार्य को 3 दिनों में पूरा कर सकता है। उस कार्य को उसका लड़का अकेले कितने समय में पूरा करेगा?

(A) $6\frac{1}{2}$ दिन (B) 8 दिन
(C) 7 दिन (D) $7\frac{1}{2}$ दिन

**98.** एक आदमी अपनी यात्रा का आधा हिस्सा 6 km/h तथा आधा हिस्सा 3 km/h की गति से तय करता है। उसकी औसत गति है

(A) 4·5 km/h (B) 3 km/h
(C) 4 km/h (D) 9 km/h

**99.** यदि किसी त्रिभुज की तीन भुजाएँ 6 cm, 8 cm और 10 cm हों, तो सबसे लम्बी भुजा को आधार लेने से त्रिभुज की ऊँचाई होगी

(A) 8 cm (B) 6 cm
(C) 4·8 cm (D) 4·4 cm

**100.** एक पहिया 88 km की दूरी तय करने में 10000 बार घूमता है। पहिये का व्यास है

(A) 1·4 m (B) 2·4 m
(C) 2·8 m (D) 2·2 m



www.mseducationtv.com

10. Candidates are warned not to carry handkerchief, any mobile phone, any type of watch, belt, wear ornaments like ring, chain, earring, etc., electronic or communication device, pen, pencil, eraser, sharpener and correcting fluid in the Examination Centre. If any candidate is found possessing any such item, he/she will not be allowed to enter in the Examination Hall. Candidate found possessing mobile phone and any other aiding material as mentioned above in the Examination Room will be treated as serious violation and it will amount to cancellation of the candidature and debarring him/her from future examination. Use of eraser, nail blade, or white fluid/whitener, etc., smudging, scratching or damaging in any manner in the OMR Answer Sheet shall lead to cancellation of candidature and such OMR Answer Sheet shall not be evaluated.
11. The written examination will be supervised by doing frisking before allowing entry into Examination Centre, using CCTV Cameras, Biometric Attendance process by capturing the Biometric thumb impression and Photograph of the Candidates during the Examination, Videography and Jammers, etc., shall be used in the Examination Hall/Examination Centre to stop copying and impersonation, etc.
12. Candidate's request to change the Examination Centre and seat in the Examination Hall shall not be entertained.
13. The scanned photograph of the Candidate on his/her Admit Card or Attendance Sheet will be tallied with the Candidate appearing in the Examination by the Invigilator. In the event of any discrepancy in the identification and verification of the candidate and photographs, the candidate shall not be allowed to sit in the Examination and be liable for criminal prosecution.
14. The OMR Answer Sheet consists of three copies, the original copy, the commission copy and the candidate's copy. Do not separate or displace them. Do not darken the bubbles in three copies of the OMR Answer Sheet separately. Candidate must hand over the OMR Answer Sheet without separating the three copies to the Invigilator at the end of the Examination. Invigilator will hand over the candidate's copy after separating it. The candidates are allowed to take away this Test Booklet with them.
15. Each question has four alternative answers of which only one is correct. For each question, darken only one circle, whichever you think is the correct answer on the OMR Answer Sheet **with only Blue/Black Ball Pen provided by the Commission.** Pencil should not be used for darkening the circle. If more than one circle is found darkened, that answer will not be evaluated.
16. No candidate shall be allowed to go to the toilet/washroom during first and last thirty minutes of the examination.
17. No candidate shall be allowed to leave the OMR Answer Sheet blank. If any OMR Answer Sheet is found blank, it shall be crossed by the Invigilator with his/her signature and mentioning 'Cancelled' on it.
18. Your OMR Answer Sheet will be evaluated through electronic scanning process. Incomplete or incorrect entries may render your OMR Answer Sheet invalid.
19. Carefully fill in all the necessary particulars on the OMR Answer Sheet. Change of OMR Answer Sheet is not permitted.
20. While darkening the appropriate bubble(s) in the boxes, darken the chosen bubble(s) fully as given below. If you darken more than one circle, your answer will be treated as wrong and such answer shall not be evaluated.

10. अभ्यर्थियों को चेतावनी दी जाती है कि वे रूमाल, मोबाइल फोन, किसी भी प्रकार की घड़ी, बेल्ट, इलेक्ट्रॉनिक या संचार संबंधी यंत्र, पेन, पेन्सिल, इरेज़र, शार्पनर और लिखा हुआ मिटाने के लिए तरल पदार्थ परीक्षा-केंद्र में न ले जाएँ और न ही अँगूठी, चेन, कान में पहनने की रिंग या किसी भी प्रकार का आभूषण पहनें। इन वस्तुओं के साथ किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा-हॉल में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षा-कक्ष के अंदर किसी अभ्यर्थी के पास यदि मोबाइल फोन या ऐसी ही कोई वस्तु जिनका उल्लेख ऊपर किया गया है, पायी जाती है तो इसे नियमों का गंभीर उल्लंघन माना जाएगा और परीक्षा में उसकी अभ्यर्थिता निरस्त कर दी जाएगी तथा भविष्य में ली जाने वाली परीक्षाओं में उपस्थित होने पर भी प्रतिबन्ध लगा दिया जाएगा। OMR उत्तर-पत्रक पर मिटाने के लिए इरेजर, नाखून, ब्लेड, या सफेद तरल पदार्थ/वाइटनर आदि के उपयोग अथवा किसी अन्य प्रकार से क्षति पहुँचाने पर अभ्यर्थी का OMR उत्तर-पत्रक निरस्त हो जाएगा और ऐसे OMR उत्तर-पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा।
11. लिखित परीक्षा के निरीक्षण में परीक्षा-केन्द्र में प्रवेश से पहले तलाशी के अतिरिक्त, CCTV कैमरा, बायोमेट्रिक यंत्र से अँगूठे के निशान लेकर उपस्थिति भरना, फोटो खींचना, वीडियोग्राफी और जैमर के प्रयोग आदि शामिल हैं ताकि नकल को रोका जा सके और एक अभ्यर्थी के स्थान पर कोई दूसरा परीक्षा न दे सके।
12. परीक्षा-केन्द्र में परिवर्तन या परीक्षा-हॉल में सीट के परिवर्तन के संबंध में किसी भी अभ्यर्थी की प्रार्थना पर विचार नहीं किया जाएगा।
13. परिवीक्षक द्वारा प्रवेश-पत्र या उपस्थिति पत्रक में अभ्यर्थी के स्कैन किए हुए फोटो का मिलान अभ्यर्थी से किया जाएगा। अभ्यर्थी और उसके फोटो के सत्यापन और पहचान में किसी भी प्रकार की विसंगति पायी जाने पर अभ्यर्थी को परीक्षा में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी और वह आपराधिक अभियोग का पात्र होगा।
14. OMR उत्तर-पत्रक की तीन प्रतियाँ हैं, मूल प्रति, आयोग प्रति एवं अभ्यर्थी प्रति। इन्हें कदापि अलग न करें। OMR उत्तर-पत्रक की तीनों प्रतियों में गोलों को अलग-अलग काला न करें। अभ्यर्थी परीक्षा समाप्त होने पर OMR उत्तर-पत्रक की तीनों प्रतियों को अलग किए बिना कक्ष परिवीक्षक को सौंप देंगे। अभ्यर्थी प्रति कक्ष परिवीक्षक द्वारा अलग करके उन्हें दे दी जाएगी। अभ्यर्थी अपने साथ इस परीक्षा-पुस्तिका को ले जा सकते हैं।
15. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिए गए हैं जिनमें से केवल एक सही है। प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के लिए OMR उत्तर-पत्रक में केवल उस एक गोले को पेन से भर देना है जिसे आप सही उत्तर समझते हैं। यह आपको **आयोग द्वारा उपलब्ध कराए गए केवल नीले/काले बॉल पेन से करना है**। गोलों को भरने के लिए पेन्सिल का प्रयोग नहीं करना है। यदि किसी उत्तर के लिए एक से अधिक गोलों को गाढ़ा किया गया है, तो उस उत्तर का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा।
16. परीक्षा के प्रथम और अंतिम तीस मिनट के दौरान किसी भी अभ्यर्थी को प्रसाधन (टॉयलेट/वॉशरूम) में जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
17. किसी भी अभ्यर्थी को OMR उत्तर-पत्रक खाली छोड़ने की अनुमति नहीं है। यदि कोई OMR उत्तर-पत्रक खाली पाई गई तो परिवीक्षक उस पर क्रॉस करने के पश्चात् अपना हस्ताक्षर कर देंगे और उस पर 'Cancelled' लिख देंगे।
18. आपके OMR उत्तर-पत्रक की जाँच इलेक्ट्रॉनिक स्कैनिंग संसाधन से की जाएगी। अधूरा या गलत भरने पर आपका OMR उत्तर-पत्रक अमान्य हो सकता है।
19. समस्त आवश्यक विवरण सावधानीपूर्वक OMR उत्तर-पत्रक में भरना है। OMR उत्तर-पत्रक को बदलने की अनुमति नहीं है।
20. बॉक्स के सही गोले/गोलों को रंगते समय नीचे दिए रूप में सही गोले/गोलों को रँगें। यदि आप एक से अधिक गोलों को काला करते हैं तो आपके उत्तर को गलत माना जाएगा और ऐसे उत्तर का मूल्यांकन नहीं होगा।

| CORRECT METHOD / सही तरीका | WRONG METHODS / गलत तरीके |
|---|---|
| Ⓐ ● Ⓒ Ⓓ | Ⓐ Ⓑ̸ Ⓒ Ⓓ   Ⓐ Ⓑ̽ Ⓒ Ⓓ   Ⓐ ⊖ Ⓒ Ⓓ   Ⓐ Ⓑ Ⓒ Ⓓ |

21. If a candidate does not comply with the instructions as mentioned above or creates any kind of indiscipline, the Commission shall take action as per instructions and in addition can also debar the Candidate from appearing in the Examination, to be held in future and can also file criminal proceedings.

21. यदि कोई अभ्यर्थी उपर्युक्त निर्देशों का पालन नहीं करता है या अनुशासन भंग करता है, तो आयोग निर्देशानुसार उसके विरुद्ध कार्यवाही करेगा और इसके अतिरिक्त उसे भविष्य में ली जाने वाली परीक्षाओं से भी वंचित किया जा सकता है। उसके विरुद्ध आपराधिक कार्यवाही का केस भी दर्ज किया जा सकता है।



www.mseducationtv.com